वर्ष- 02 अंक- 324
छपरा
10 अक्टूबर शुक्रवार 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live



### 2022 से पहले भ्रूण फ्रीज, तो सरोगेसी कानून से छूट

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मां-बाप कौन बनेगा, यह सरकार तय नहीं कर सकती

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि 2022 से पहले अगर महिला ने भ्रूण (फर्टिलाइज एग्स) फ्रीज करा दिया है तो उसे सरोगेसी कानून के तहत एज लिमिट से छूट मिल सकती है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन ने सरकार की तरफ से बढ़ती उम्र को चिंता का कारण बताने पर फटकार भी लगाई। कोर्ट ने कहा- कौन मां-बाप बन सकता है, ये सरकार तय नहीं कर सकती क्योंकि नेचुरल प्रोसेस में भी कोई एज लिमिट नहीं है। दरअसल, यह पूरा मामला सरोगेसी कानून 2021 से जुड़ा है, जो जनवरी 2022 में लागू हुआ था। कानून के मुताबिक, जिन पुरुष की आयु 26-55 साल और महिला की आयु 23-50 साल के बीच है, उन्हीं को सरोगेसी की परमिशन होगी। इस कानून के खिलाफ कई याचिकाएं



लगाई गईं। मुख्य याचिकाकर्ता चेन्नई बेस्ड इन्फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ अरुण मुथुवेल हैं, जिन्होंने कॉमर्शियल सरोगेसी पर बैन हटाने की भी मांग की थी। कोर्ट ने महीनों चली सुनवाई के बाद जुलाई 2025 में फैसला सुरक्षित रख लिया था।


**सुप्रीम कोर्ट का फैसला....**

- कानून बनने से पहले दंपत्तियों ने जब अपना भ्रूण फ्रीज कराया तब कोई कानूनी उम्र सीमा लागू नहीं थी। इसलिए उनके पास सरोगेसी का अधिकार पहले से बना हुआ था। ऐसे में नया कानून पिछले मामलों पर लागू नहीं किया जा सकता।
- सरोगेसी तब शुरू मानी जाएगी जब दंपति के गैमेट्स (स्पर्म और एग) निकाल लिए गए हों और भ्रूण तैयार कर फ्रीज कर दिया गया हो। इसके बाद दंपति का काम पूरा हो जाता है। आगे का प्रोसेस सिर्फ सरोगेट मां से संबंधित है।
- कोर्ट ने सरकार के उस तर्क को भी खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया कि बुजुर्ग माता-पिता बच्चों की देखभाल नहीं कर पाएंगे। इसलिए उम्र सीमा जरूरी है। इस पर कोर्ट ने कहा कि सरकार यह तय नहीं कर सकती कि कौन माता-पिता बनने के योग्य है और कौन नहीं।

# 20 हजार के इनाम के बाद सिरप कंपनी डायरेक्टर गिरफ्तार, एमपी एसआईटी ने चेन्नई से पकड़ा

### जहरीला कफ सिरप इसी की कंपनी का, अबतक 24 मौतें

**छिंदवाड़ा,एजेंसी।** मध्य प्रदेश में बच्चों की मौत का कारण बने कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मा के डायरेक्टर गोविंदन रंगनाथन की गिरफ्तारी हो गई है। मामले में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई स्ढ्ढञ्ज की टीम ने बुधवार रात चेन्नई में दबिश देकर रंगनाथन को पकड़ा। स्ढ्ढञ्ज ने कंपनी से महत्वपूर्ण दस्तावेज, दवाओं के नमूने और प्रोडक्शन रिकॉर्ड भी जब्त किए हैं। रंगनाथन पर 20 हजार रुपए का इनाम था। वह अपनी पत्नी के साथ फरार चल रहा था। चेन्नई में रंगनाथन का चेन्नई-बेंगलुरु राजमार्ग पर स्थित 2,000 वर्ग फुट का अपार्टमेंट सील कर दिया गया था, जबकि कोडम्बक्कम स्थित उसका रजिस्टर्ड ऑफिस बंद मिला था। छिंदवाड़ा एसपी अजय पांडे ने बताया कि एसआईटी, रंगनाथन को चेन्नई कोर्ट में पेश कर ट्रांजिट रिमांड मांगेगी। इसके बाद उसे छिंदवाड़ा लाया जाएगा। वहीं, मामले की




जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई कर सकता है। वकील विशाल तिवारी की याचिका में इस मामले की जांच राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या सीबीआई के जरिए विशेषज्ञों की समिति बनाकर कराए जाने की मांग की गई है। उधर, कफ सिरप पीने के बाद किडनी फेल होने से जान गंवाने वाले बच्चों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। बुधवार (8 अक्टूबर) की दरमियानी रात छिंदवाड़ा की उमरेठ तहसील के पचधार गांव के 3 वर्षीय मयंक सूर्यवंशी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह 25 सितंबर से नागपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती था।

**मुख्यमंत्री नागपुर पहुंचे, बच्चों का हाल जाना** :मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नागपुर पहुंचे। सीएम ने वहां के अस्पतालों में भर्ती चारों बच्चों का हाल जाना। उनके परिजन से बात की। इनमें से गार्विक पवार नागपुर मेडिकल कॉलेज में, अंबिका विश्वकर्मा न्यू हेल्थ सिटी हॉस्पिटल जबकि कुणाल यदुवंशी और हर्ष यदुवंशी नागपुर एम्स में इलाज करा रहे हैं।

इससे पहले सीएम ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार हर कदम पर पीड़ित परिवारों के साथ है।

**ब्रिटेन भारत को हल्की मल्टीरोल मिसाइल देने को तैयारः**

# यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता को समर्थन देगा; भारत-ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के बीच समझौता

**नई दिल्ली,एजेंसी।** ब्रिटेन की 9 यूनिवर्सिटी भारत में कैंपस खोलेंगी। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने मुंबई में यह ऐलान किया। मोदी ने कहा कि स्टार्मर के नेतृत्व में भारत और ब्रिटेन के रिश्तों में प्रगति हुई है।

इस साल जुलाई में लंदन यात्रा के दौरान दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (CETA) पर हस्ताक्षर किए थे। मोदी ने कहा कि इस समझौते से दोनों देशों के बीच आयात आसान होगा। इससे कारोबार बढ़ेगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा।

दोनों नेताओं ने इंडो-पेसिफिक, पश्चिम एशिया और यूक्रेन संघर्ष पर भी चर्चा की। वहीं, रक्षा सहयोग के क्षेत्र में भारत और ब्रिटेन ने सैन्य प्रशिक्षण समझौता किया है, जिसके तहत भारतीय वायुसेना के फ्लाइंग प्रशिक्षक अब ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स में ट्रेनर के रूप में काम



करेंगे।

**मोदी ने स्टार्मर के साथ विजन 2035 की घोषणा की** :मोदी ने कहा कि सभी ने भारत की फिनटेक (डिजिटल वित्तीय सेवाओं) क्षेत्र में क्षमता देखी है। आज दुनिया के लगभग 50% रियल-टाइम डिजिटल लेनदेन भारत में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के वित्तीय सेवाओं का अनुभव और भारत का डिजिटल प्लेटफॉर्म (DPI) मिलकर पूरे मानवता के लिए फायदेमंद हो सकता है।

मोदी ने कहा कि अपने संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री स्टार्मर के साथ विजन 2035 की घोषणा की। यह हमारे साझा लक्ष्यों के लिए एक रूपरेखा है। भारत और ब्रिटेन जैसी खुली और लोकतांत्रिक देशों में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां सहयोग बढ़ाया न जा सके।

**मोदी बोले- इकॉनमी में बड़े सुधार हो रहे** :मोदी ने कहा कि आज भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़े सुधार हो रहे हैं। उनका जोर कारोबार को आसान बनाने और नियमों को सरल बनाने पर है। मोदी ने कहा कि हाल ही में सरकार ने GST सुधार की घोषणा की है। इससे मध्यम वर्ग और छोटे-मध्यम व्यवसायों (MSMEs) की वृद्धि को नई ताकत मिलेगी और निवेशकों और व्यवसायियों के लिए नए अवसर खुलेंगे।

**भारत में दो डिजिटल बैंक कंपनियां नए निवेश करेंगी**

जैसा कि मैंने पिछले दो दिनों में कई बार कहा, यह ट्रेड डील सिर्फ लिखित समझौता नहीं है। यह बताती है कि व्यापार में मुश्किलों को कैसे कम किया जाएगा, चाहे वो टैक्स (टैरिफ) हों या दूसरी तरह की रुकावटें। जब मैं यहां लोगों की बातचीत और जोश देखता हूं, तो मुझे याद आता है कि हमने अभी तक FTA को पूरी तरह लागू नहीं किया है। यह दिखाता है कि औपचारिक समझौते का महत्व भी है, और यह बड़ा फर्क डालेंगे। स्टार्मर ने कहा कि FTA पर काम करने के तीन महीनों में व्यापार और निवेश में 6 बिलियन पाउंड (71 करोड़ रुपए) की बढ़त देखी गई है। हमारा मकसद इसे और आगे बढ़ाना है। स्टार्मर ने कहा कि रोल्स-रॉयस ने भारतीय एयरलाइंस के साथ बड़े नए कॉन्ट्रैक्ट किए हैं। अब रिवोल्ट और टाइड जैसी दो डिजिटल बैंक कंपनियां भारत में नए निवेश करने जा रही हैं।

### दिल्ली में पत्नी ने सोते पति पर खौलता तेल डाला, फिर लाल मिर्च छिड़की

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली के अंबेडकर नगर इलाके में घरेलू विवाद के बाद एक महिला ने अपने सोते हुए पति पर खौलता हुआ तेल डाल दिया और फिर उसके घावों पर लाल मिर्च पाउडर छिड़क दिया। पति गंभीर रूप से झुलस गया है और उसे सफदरजंग अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित दिनेश कुमार (28) मदनगीर इलाके में किराए के मकान में पत्नी साधना और एक बेटी के साथ रहता है। दिनेश एक फार्मा कंपनी में काम करता है। पुलिस को दिए बयान में उसने बताया कि 2 अक्टूबर की रात ड्यूटी से लौटने के बाद वह खाना खाकर सो गया था।

### यूपी में प्राइवेट प्लेन टेकऑफ से पहले झाड़ियों में घुसा



**फर्रुखाबाद,एजेंसी।** यूपी के फर्रुखाबाद में बड़ा विमान हादसा टल गया। यहां प्राइवेट प्लेन रनवे से उड़ान भरते समय नियंत्रण खो बैठा और पास की झाड़ियों में जा घुसा। हादसे में विमान के विंग्स, फ्रंट व्हील और जेट फैन टूट गए। फ्यूल टैंक भी डैमेज हुआ है। रनवे पर एयरो फ्यूल टपक रहा है। फिलहाल, विमान में बैठे सभी 6 लोग सुरक्षित हैं।

# एयरफोर्स-डे पर परोसी गई पाकिस्तानी शहरों के नाम की डिशेज

- **रावलपिंडी चिकन टिक्का से बहावलपुर नान तक, ये ऑपरेशन सिंदूर के टारगेट थे**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** इंडियन एयरफोर्स की 93वीं एनिवर्सरी बुधवार को मनाई गई। एयरफोर्स-डे सेलिब्रेशन के डिनर का मेन्यू वायरल हो रहा है। डिनर में परोसी गई डिशेज के नाम पाकिस्तान के उन जगहों पर थे, जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निशाना बनाया गया था।

एयरफोर्स-डे पर डिनर में रावलपिंडी चिकन टिक्का मसाला, रफीकी रहरा मटन, भोलारी पनीर मेथी मलाई, सुक्कुर शाम सवेरा कोफ्ता, सरगोधा दाल मखनी, जकोबाबाद मेवा पुलाव और बहावलपुर नान डिशेज परोसी गईं। मिठाई में बालाकोट तिरामिसु, मुजफ्फराबाद कुल्फी फालूदा और मुरीदके मीठा पान शामिल थे।




बता दें कि भारतीय वायुसेना ने इसी साल 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। इनमें मुरीदके और बहावलपुर में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के हेडक्वार्टर भी शामिल थे। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के सरगोधा, रहीम यार खान, नूर खान (चकलाला), सुक्कुर, भोलारी, जैकोबाबाद एयरबेस को भी टारगेट किया था। वायुसेना ने इनकी सैटेलाइट तस्वीरें भी जारी की थीं, जिनमें हमले से पहले और हमले के बाद के हालात बताए थे। एयरफोर्स-डे के डिनर पर इन्हीं शहरों के नाम पर मेन्यू तैयार किया गया था।

रिजिजू ने कहा- अब वायुसेना का मेन्यू भी न्यू नॉर्मल का संदेश देता है केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने ङ्क पर एयरफोर्स का मेन्यू शेयर करते हुए लिखा- एयरफोर्स डे के खास मौके पर भारतीय वायुसेना ने दिलचस्प मेन्यू तैयार किया। वायुसेना के मेन्यू में उन पाकिस्तानी एयरबेस के नाम पर व्यंजन थे, जिन पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बमबारी की गई थी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने ङ्क पर एयरफोर्स का मेन्यू शेयर करते हुए लिखा- व्यंजन परोसने से लेकर न्याय दिलाने तक, अब भारतीय वायुसेना का मेन्यू भी न्यू नॉर्मल का संदेश देता है। वो दिन गए जब 26/11 की घटना होती थी और कोई कार्रवाई नहीं की जाती थी।

# सत्ता से बाहर होने पर सपा को याद आते हैं हमारे संत-महापुरुष और पीडीए :मायावती

**लखनऊ,एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला बोलते हुए कहा कि जब ये सत्ता में रहते हैं तो हमारे संत, महापुरुष और पीडीए याद नहीं आते। सत्ता से बाहर होने पर उनके नाम का गुणगान करते संगोष्ठी और कार्यक्रम करने लगते हैं। बसपा प्रमुख ने गुरुवार को पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ में भारी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। इससे पहले उन्होंने कांशीराम के चरणों में पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

बसपा प्रमुख ने कहा कि कांशीराम की पुण्यतिथि पर संगोष्ठ का ऐलान करने वाले इन



समाजवादियों के दोहरे चरित्र से लोगों को सावधान रहना चाहिए। आज कांशीराम की पुण्यतिथि पर सपा के लोग संगोष्ठी करना चाहते हैं। जब वे सत्ता में रहते है तो न कांशीराम याद आते हैं न बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर। जब इनकी सरकार चली जाती है तो इन्हें पीडीए याद आ जाता है और हमारे संत-गुरुओं की संगोष्ठी करने लग जाते हैं। मायातवी ने कहा कि सपा ने ना केवल कांशीराम जी के जीते-जी उनके पार्टी के साथ दग़ा करके उनके मूवमेन्ट को यूपी में कमज़ोर करने की लगातार कोशिशें कीं हैं। बल्कि बसपा सरकार में कासगंज को ज़िला मुख्यालय का दर्जा देकर कांशीराम नगर के नाम से बनाये गये नये ज़िला के नाम को भी जातिवादी सोच व राजनीतिक द्वेष के कारण बदल दिया। इसके अलावा, कांशीराम के नाम से अन्य और भी जो कई विश्वविद्यालय, कालेज, अस्पताल व अन्य संस्थायें आदि बनाये गये उनमें से भी अधिकतर का नाम सपा सरकार के आने पर बदल दिए गए। इनकी घोर दलित विरोधी चाल, चरित्र व चेहरा नहीं तो और क्या है? उन्होंने कहा कि समय-समय पर संकीर्ण राजनीति व वोटों के स्वार्थ की ख़ातिर सपा व कांग्रेस का कांशीराम को स्मरण करना विशुद्ध दिखावा व छलावे का प्रयास है। इस प्रकार की गलत जातिवादी व संकीर्ण सोच वाली सपा, कांग्रेस आदि पार्टियों से लोग ज़रूर सजग व सावधान रहें।

# केदारनाथ में रिकॉर्ड 16.56 लाख श्रद्धालु पहुंचे, कपाट बंद होने में 14 दिन बाकी

**अब तक 47 लाख लोगों ने की चारधाम यात्रा**



**देहरादून,एजेंसी।** केदारनाथ यात्रा ने इस साल एक नया रिकॉर्ड बनाया है। बुधवार तक केदारनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 16.56 लाख पहुंच गई है, जबकि मंदिर के कपाट बंद होने में अभी 14 दिन बाकी हैं। 2025 में अकेले बुधवार को 5,614 तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना की।

मंदिर के कपाट 23 अक्टूबर को भाई दूज के दिन बंद होंगे। 2024 में पूरे यात्रा सीजन के दौरान कुल 16,52,076 श्रद्धालु केदारनाथ के दर्शन करने पहुंचे थे। बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धामों में भी तीर्थयात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। बद्रीनाथ धाम के कपाट 25 नवंबर को दोपहर 2:56 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।उत्तराखंड आपातकालीन परिचालन केंद्र की तरफ से जारी 8 अक्टूबर को जारी आंकड़ों के मुताबिक 4 मई से लेकर 7 अक्टूबर की शाम 7 बजे तक कुल 47 लाख 29 हजार 555 श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा की है। 30 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर के कपाट खुलने के साथ चार धाम यात्रा शुरू हुई। केदारनाथ धाम 2 मई को और उसके बाद 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुले थे।

**मानसून ने बिगाड़ा चारधाम का शेड्यूल, लेकिन यात्रियों का हौसला नहीं टूटा :** खराब मौसम और लगातार बारिश के कारण 1 से 5 सितंबर तक तीर्थयात्रियों का पंजीकरण और चारधाम यात्रा का संचालन रोक दिया गया था। इसे 6 सितंबर को फिर से शुरू किया गया। मानसून के मौसम में भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन ने तीर्थयात्रा को बुरी तरह बाधित किया।

गंगोत्री धाम के रास्ते में धराली का महत्वपूर्ण पड़ाव प्राकृतिक आपदाओं से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सड़कों के क्षतिग्रस्त होने के कारण, गंगोत्री और यमुनोत्री की यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित करनी पड़ी। बारिश थमने के बाद भी यात्रा बहाल करना बड़ी चुनौती थी। हालांकि, प्रशासनिक टीमों ने सामान्य स्थिति बहाल करने और यात्रा मार्गों को फिर से खोलने के लिए युद्धस्तर पर काम किया। गंगोत्री और यमुनोत्री, दोनों की तीर्थयात्राएं कड़े सुरक्षा उपायों के साथ फिर से शुरू हो गई हैं।

### हिमाचल में पहली बार अक्टूबर में बर्फ देख सकेंगे टूरिस्ट

## 3 फीट तक स्नौफॉल, पहले दिसंबर-जनवरी का करना पड़ता था इंतजार

**शिमला ,एजेंसी।** हिमाचल में टूरिस्ट इस बार अक्टूबर में भी बर्फ देख सकेंगे। आमतौर पर बर्फबारी के लिए दिसंबर जनवरी का इंतजार करना पड़ता है। मगर इस बार अर्ली स्नोफॉल से न केवल टूरिस्ट, बल्कि हिमाचल के पर्यटन कारोबारियों को भी अच्छे कारोबार की आस बंध गई है। राज्य के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी टूरिस्ट से हिमाचल आने की अपील की है। टूरिस्टों के लिए भी अच्छी बात यह है कि कमरों की बुकिंग पर प्राइवेट होटलों में 20 से 50 प्रतिशत तक डिस्काउंट दिया जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया- इससे पहले 11 अक्टूबर 2018 को केलांग में अर्ली स्नोफॉल 6 सेंटीमीटर रिकॉर्ड किया गया था। मगर इस बार 6 अक्टूबर को ही करीब एक फीट बर्फबारी हुई है। यह आज तक का सबसे अर्ली स्नोफॉल है। प्रदेश में बीते तीन दिनों के दौरान कुल्लू, लाहौल स्पीति, किन्नौर, चंबा, मंडी, कांगड़ा और शिमला जिला के ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है। मगर कई जगह एक-दो दिन में बर्फ पिघल जाएगी। अब बात करेंगे उन 10 पर्यटन स्थलों की जहां टूरिस्ट अगले 4-5 दिन या फिर पूरे विंटर सीजन में बर्फ देख सकेंगे।



## 35 जिला अस्पतालों में न्यू बॉर्न केयर यूनिट कार्यरत

**पटना,एजेंसी।** राज्य में नवजात शिशुओं की जान बचाने में स्पेशल न्यू बॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) बेहद कारगर साबित हो रही है। राज्य के 35 जिला अस्पतालों और 10 मेडिकल कॉलेजों में यह संचालित की जा रही है। इन इकाइयों से नवजात मृत्यु दर में तेजी से कमी आई है। स्वास्थ्य




विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले एक वर्ष में इन यूनिट में भर्ती नवजातों की मृत्यु दर पांच प्रतिशत से घटकर तीन प्रतिशत रह गई है, जो डब्ल्यूएचओ के मानक से बेहतर प्रदर्शन है। एनएमसीएच के डॉ. सरोज कुमार सिंह ने बताया कि बीमार शिशु की सही पहचान और समय पर उपचार नवजात मृत्यु दर नियंत्रित करने के लिए बेहद जरूरी है। ए सएनसीयू नेटवर्क इसमें बड़ी भूमिका निभा रहा है। इससे अब गंभीर हालत में भी नवजात को जीवनदान मिल पा रहा है। इन इकाइयों में स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) लागू किया गया है, ताकि हर बच्चे को समान स्तर की चिकित्सा सुविधा मिले। इस यूनिट का अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके इसलिए अब आशा कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे दूध न पीना, तेज बुखार या ठंडा शरीर, सांस लेने में दिक्कत जैसे लक्षण देखकर तुरंत सेंटर तक बच्चों को भेज सकें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक राज्य सरकार ने 2025-26 तक 115 प्राथमिक रेफरल अस्पतालों में न्यूबॉर्न स्टेबिलाइजेशन यूनिट को और सशक्त करने का लक्ष्य निर्धारति किया है। इससे संस्थागत प्रसव वाले कमजोर नवजातों को भी नजदीकी स्तर पर उन्नत चिकित्सीय सुविधा मिल सकेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी नवजात मृत्यु दर को घटाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## छठ महापर्व : पिछले साल से अभी गंगा का जलस्तर ज्यादा



**पटना,एजेंसी।** प्रमंडलीय आयुक्त समेत सभी वरीय अधिकारियों ने पूजा की तैयारी को लेकर घाटों का जायजा लिया इस बार छठ महापर्व में दानापुर से पटना सिटी तक करीब 25 किमी में 108 गंगा घाटों पर अर्घ्य की व्यवस्था रहेगी। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। छठव्रतियों के लिए सभी घाटों और मार्गों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। शौचालय, स्वच्छ पेयजल, चेंजिंग रूम, शेड और वाहन पार्किंग की बेहतर सुविधा रहेगी। प्रमंडलीय आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर, आईजी जितेंद्र राणा, डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम, नगर आयुक्त यशपाल मीणा समेत अन्य अधिकारियों ने बुधवार को तैयारी का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्टीमर से दानापुर के नासरीगंज घाट से कंगन घाट तक के सभी घाटों को देखा। जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता ने प्रमंडलीय आयुक्त को बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में अभी गंगा का जलस्तर अधिक है। 1 से 7 अक्टूबर के बीच जलस्तर करीब 53 सेमी बढ़ा है। बुधवार की सुबह 6 बजे दीघा घाट पर जलस्तर 49.20 मीटर और गांधी घाट पर 48.08 मीटर था। पिछले 24 घंटे में 6 सेमी घटा है। प्रमंडलीय आयुक्त ने निर्देश दिया कि जलस्तर पर लगातार नजर रखें, घाटों की स्थिति को देखते हुए बैरिकेडिंग और साइनेज लगाया जाए। नासरीगंज घाट, दीघा पाटीपुल घाट, शिवा घाट, रामजीचक नहर घाट, रामजीचक बाटा घाट, जहाज घाट, नारियल घाट, फक्कड़ महतो घाट, नकटा दियारा घाट, जेपी सेतु पश्चिमी घाट, मीनार घाट, दीघा पोस्ट ऑफिस घाट, जेपी सेतु पूर्वी घाट, गेट नंबर 93, गेट नंबर 88, गेट नंबर 83 घाट, बालूपर घाट, कुर्जी घाट, एलसीटी घाट, राजापुर पुल घाट, पहलवान घाट, कलेक्ट्रेट घाट, महेंद्रू घाट, मिश्री घाट, जजेज घाट-अदालत घाट, काली घाट, कदम घाट, पटना कॉलेज घाट, कृष्णा घाट, गांधी घाट, गोलकपुर बालू घाट-बरहरवा घाट, पटना लॉ कॉलेज घाट, रानी घाट, गुलबी घाट, बीएनआर घाट, घघा घाट, नरकट घाट, गायघाट, कंगन घाट।

## दिल्ली से पटना का विमान किराया 23500 रुपए



**पटना,एजेंसी।** धनतेरस 18 अक्टूबर, दीपावली 20 अक्टूबर और छठ महापर्व 27 अक्टूबर को है। दिल्ली समेत अन्य बड़े शहरों में रोजगार और जॉब करने वाले पर्व में घर आ रहे हैं। यात्रियों की भारी तादाद को देखते हुए विमानन कंपनियों ने दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे समेत अन्य शहरों से पटना का किराया दो से तीन गुना तक कर दिया है। 18 अक्टूबर को दिल्ली से पटना का किराया 23500 रुपए और मुंबई से 30100 रुपए है। दीपावली में मुंबई से पटना का किराया 30200 और छठ में 24100 रुपए हो गया है। ममता ट्रैवल्स के मैनेजर कुमुद रंजन ने बताया कि ट्रेन में टिकट नहीं मिल रहा है। बड़े शहरों से पटना आने वाली सभी फ्लाइट भी फुल हैं। इस वजह से किराया दो से चार गुना अधिक हो गया है। इसका असर पटना से जाने वाले विमानों पर भी पड़ने की संभावना है। 10 नवंबर तक किराया सामान्य होने की संभावना है। सामान्य दिनों में पटना से किराया,दिल्ली का 4000 से 5000 रुपए ,मुंबई का 6500 से 7000 रुपए,हैदराबाद का 6000 से 6500 रुपए, बेंगलुरु का 6000 से 7000 रुपए,कोलकाता का 3600 से 4000 रुपए, ट्रेनों में 25 अक्टूबर तक नो रूम, 12 हजार स्पेशल की घोषणा हवा-हवाई रेलवे ने दीपावली और छठ के दौरान 12 हजार स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की थी। लेकिन, अभी तक पर्याप्त स्पेशल ट्रेनें नहीं चलाई गई हैं। इस वजह से बाहर से आने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नियमित ट्रेनों में 25 अक्टूबर तक सीट नहीं मिल रही है। दिल्ली से पटना आने वाली ट्रेनों में नो रूम है। तेजस राजधानी, संपूर्ण क्रांति, मगध एक्सप्रेस, विक्रमशिला, श्रमजीवी एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र राजधानी सहित दो दर्जन ट्रेनों में 25 अक्टूबर तक नो रूम है। लोग वेटिंग टिकट भी नहीं ले सकेंगे।

## फ्लाइंग स्कायड और स्टैटिक टीमों के साथ 20 एजेंसियों की प्रत्याशियों के खर्च पर नजर



**पटना,एजेंसी।** फ्लाइंग स्कायड ने बुधवार की शाम सब्जीबाग इलाके में 3,91,400 रुपए और सोना जब्त किया। डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने बताया कि दंडाधिकारी की उपस्थिति में जब्त की गई राशि और सामग्री का विवरण ईएसएमएस एप में दर्ज किया गया है। दरअसल, पैट्रोलिंग टीम द्वारा संदिग्ध स्थिति में एक बाइक को रोका गया था। बाइक पर दो व्यक्ति सवार थे। तलाशी के दौरान उनके पास 2,21,000 रुपए, करीब 1,25,000 रुपए का सोना और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### गली में लाश फेंककर फरार हुए ससुराल वाले, मां बोली- 10 दिन पहले भी मारपीट की थी

# 10 लाख रुपए के लिए विवाहिता की गला घोंटकर हत्या

**दरभंगा,एजेंसी।** अलीनगर में बुधवार को घर से मात्र 20 मीटर दूर एक गली में नवविवाहिता की लाश लावारिस हालत में पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, तो गांव के लोगों ने बताया कि महिला का नाम खुशबू देवी है, जो टीकापट्टी गांव के रहने वाले निरंजन लाल देव की पत्नी है। पुलिस तत्काल निरंजन के घर पहुंची, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने गांव के लोगों से खुशबू के मायके के घरवालों का मोबाइल नंबर लेकर उन्हें घटना की जानकारी दी। इसके साथ ही अलीनगर थाना के स॥ह विनय मिश्रा ने खुशबू की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया।

उधर, खुशबू की मौत की सूचना पर डीएमसीएच पहुंचे मृतका के नाना सोनकी थाना क्षेत्र के मेकना गांव के रहने वाले कमलेश लाल देव ने थाना



में आवेदन देकर बताया कि मेरी नतिनी 22 साल की खुशबू देवी की हत्या की गई है। वारदात को खुशबू के पति 27 साल के निरंजन ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर अंजाम दिया है। उन्होंने आवेदन में ये भी लिखा कि मेरी नतिनी से निरंजन और उसके परिवार के लोग लगातार शादी के बाद से मारपीट कर रहे थे।

नाना ने पुलिस को दिए गए आवेदन में खुशबू के पति निरंजन लाल देव, ससुर गणेश लाल देव, सास मीना देवी, देवर रवि लाल देव के साथ-साथ सोनकी थाना क्षेत्र के मेकना गांव के रहने वाले ननदोई ललन लाल देव और ननद संगीता देवी को आरोपी बताया है।

### शादी के एक साल बाद से ही 10 लाख रुपए मांगने लगे

वहीं, मृतका की मां सुमंती देवी ने बताया कि मेरी बेटी खुशबू की शादी ढाई साल पहले हुई थी। शादी में हम लोगों ने बाइक, ज्वेलरी और कैश समेत करीब 9 लाख रुपए का सामान दहेज के रूप में दिया था। शादी के एक साल बाद से ही निरंजन और उसके घरवाले 10 लाख रुपए की मांग करने लगे। जब हम लोगों ने पैसे देने से इनकार किया और बताया कि हम लोग गरीब हैं, इतना पैसा नहीं दे सकते हैं, तो निरंजन और उसके परिवार के लोगों ने मेरी बेटी के साथ मारपीट शुरू कर दी, उसे तरह-तरह से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

सुमंती देवी ने बताया कि 10 दिन पहले ही मेरी बेटी के साथ बुरी तरह मारपीट की गई थी। जब हम लोगों को इसकी जानकारी हुई तो हम लोग अपनी बेटी के ससुराल पहुंचे, जिसके बाद निरंजन और उसके माता-पिता ने हम लोगों से अभद्र व्यवहार किया। उन्होंने बताया कि खुशबू मेरी सबसे बड़ी बेटी थी।

### बेटी से फोन पर बात नहीं करने देते थे

सुमंती देवी ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले मेरी बेटी को फोन पर बात करने नहीं देते थे। हम लोग जाते थे, तो मुलाकात भी नहीं करने देते थे। ढाई साल में एक बार भी बेटी को मायके नहीं भेजा था। सुमंती देवी ने कहा कि मेरी बेटी के पति निरंजन, ननद संजीता और अन्य ससुराल के लोग मिलकर खुशबू की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि निरंजन कुछ करता भी नहीं था। वो शिक्षक भर्ती की तैयारी कर रहा था, इसके बावजूद धूमधाम से मैंने अपनी बेटी का हाथ उसके हाथों में सौंपा था।

### साड़ी के पल्लू से गला दबाकर मारा, गली में फेंकी लाश

मृतका की नानी हिना देवी ने बताया कि मेरी नतिनी की हत्या उसके पति निरंजन लाल देव, देवर रवि रंजन लालदेव और ननद संजीता देवी ने की है। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई साल से ससुराल वाले मेरी नतिनी से हम लोगों को मिलने नहीं देते थे।

हिना देवी ने आरोप लगाया कि साड़ी के पल्लू से गला दबा कर मेरी नतिनी की हत्या की गई है। इसके बाद उसके लाश के पास जहर की शीशी रखी गई, ताकि लगे कि उसने जहर खाकर अपनी जान दी है। हिना देवी ने बताया कि हम लोगों के मेरी बेटी के एक रिश्तेदार ने ही कॉल कर सुबह 5 बजे घटना की जानकारी दी।

# 91 कृषि यंत्रों पर किसानों को मिलेगी सब्सिडी

### ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू, योजना पर चार करोड़ 30 लाख रुपए खर्च होंगे

**नालंदा,एजेंसी।** नालंदा में लंबे इंतजार के बाद किसानों के लिए महत्वाकांक्षी योजना कृषि यांत्रिकीकरण का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। आवेदन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही किसानों में उत्साह तो दिख रहा है, लेकिन देर से शुरू हुई इस योजना को लेकर कुछ नाराजगी भी है।

### 91 प्रकार के यंत्रों पर भारी सब्सिडी

जिले के किसानों को 91 प्रकार के कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनकी कुल लागत करीब चार करोड़ 30 लाख रुपए है। योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि सामान्य वर्ग के किसानों को 40 से 50 फीसदी तक, जबकि एससी/एसटी वर्ग के किसानों को 60 से 80 फीसद तक की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है।

कृषि विभाग ने इन यंत्रों को पांच अलग-अलग कैटेगरी में बांटा है। फसल प्रबंधन से लेकर बुआई, सिंचाई और कटाई तक हर जरूरत के लिए आधुनिक तकनीक किसानों की पहुंच में होगी।




### किन यंत्रों पर मिलेगी सब्सिडी

फसल प्रबंधन के लिए रोटरी मल्चर, सुपर सीडर, हैपी सीडर, स्ट्रा बेलर और रीपर-कम-बाइंडर जैसे आधुनिक यंत्र उपलब्ध होंगे। मजदूरों की बढ़ती समस्या से निजात पाने और कतार में बुआई के लिए पैडी ट्रांसप्लांटर और सीड ड्रील का विकल्प रहेगा।

इसके अलावा हार्वेस्टिंग के लिए मिनी राइस मिल, स्ट्रा फीडर, थ्रेसर, चैप कटर, पैडी थ्रेसर जैसे यंत्रों के साथ-साथ सिंचाई पाइप, कल्टीवेटर और छोटे यंत्रों में मैन्युअल किट भी शामिल हैं।

### आवेदन प्रक्रिया और महत्वपूर्ण तिथियां

इच्छुक किसान 31 अक्टूबर तक कृषि विभाग के पोर्टल ह्लस्रह्र पर जरूरी दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। लाभार्थियों का चयन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

### अब पूरा पैसा पहले देना होगा

कृषि अभियंत्रण के उप निदेशक अभिमन्यु कुमार ने बताया कि इस बार योजना के नियमों में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। पिछले वर्षों में किसान सब्सिडी काटकर शेष राशि डीलर को भुगतान करते थे, लेकिन अब किसानों को यंत्र की पूरी कीमत पहले डीलर को चुकानी होगी। इसके बाद विभाग सब्सिडी की राशि सीधे किसान के खाते में भेजेगा।

यह बदलाव कुछ किसानों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है, खासकर छोटे और सीमांत किसानों के लिए जिनके पास एकमुश्त बड़ी राशि का इंतजाम करना मुश्किल होता है।

### ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू

जिला कृषि पदाधिकारी (डीएओ) नितेश कुमार ने कहा की कृषि यांत्रिकीकरण योजना का लक्ष्य तय कर दिया गया है और पोर्टल भी खोल दिया गया है।

# पटना विमेंस कॉलेज की छात्राओं को छेड़ने वाला धराया

**पटना,एजेंसी।** पटना के नागेश्वर कॉलोनी में कॉलेज जाने वाली लड़कियों से छेड़खानी करने वाले एक मनचले को आज छात्राओं ने पकड़कर जमकर पीटा। छात्राओं का आरोप है कि आरोपी जस्टिस नारायण पथ स्थित एक टेलीफोन बॉक्स के पीछे छिपा रहता था। सुबह पटना वीमेंस कॉलेज की छात्राओं पर भद्दे कमेंट और अश्लील इशारे करता था।लड़कियों ने पहले तो उसकी हरकतों को नजरअंदाज किया, लेकिन जब यह रोज का सिलसिला बन गया तो उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से जाल बिछाया और गार्ड की मदद से आरोपी पकड़ कर पिटाई कर दी।

### आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

छात्राओं ने बताया, गुरुवार सुबह लगभग 6 बजे आरोपी अपनी उसी लोकेशन पर पहुंचकर हरकत करने लगा। लड़कियों ने पास के एक अपार्टमेंट के गार्ड को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने



पहले उसकी तस्वीर ली। फिर उसे पकड़कर जमकर पिटाई की। इसके बाद डायल 112 को बुलाकर पुलिस के हवाले कर दिया।घटना की जानकारी मिलने के बाद भीड़ जमा हो गई। आरोपी की मां भी मौके पर पहुंच गई और अपने बेटे को बचाने की कोशिश करने लगी। लेकिन पुलिस उसे हिरासत में लेकर कोतवाली थाने लेकर चली आई। आरोपी का नाम मुलायम सिंह यादव है, जो उतर प्रदेश का रहने वाला बताया जा रहा है।

### आरोपी लंबे समय से कर रहा था परेशान

लड़कियों ने बताया कि आरोपी लंबे समय से उन्हें परेशान कर रहा था और उसकी हरकतों से वे दहशत में थीं।

# गयाजी में स्कूल बस से खींचकर ड्राइवर को मारी गोली:सीने में दागी बुलेट

### अंदर बच्चे भी बैठे थे, झाड़ियों से मिला कट्टा, अफेयर में वारदात

**गया,एजेंसी।** गयाजी में गुरुवार को स्कूल बस के ड्राइवर को गाड़ी से खींचकर बाइक सवार 2 अपराधियों ने गोली मार दी। बुलेट सीने में लगी है। हालत गंभीर बनी हुई है। घटना भदवर थाना क्षेत्र के बिशनपुर-रामदोहर मुख्य मार्ग की है।

सूत्रों के मुताबिक एक दिन पहले जान से मारने की धमकी मिली थी। प्रेम-प्रसंग में वारदात को अंजाम देने की आशंका। मौके से एक कट्टा और खोखा मिला है। वारदात के समय बस में बच्चे मौजूद थे। अपराधियों ने बस से खींचकर ड्राइवर को पीछे ले जाकर गोली मारी है।

स्कूल बस में सवार बच्चे काफी डरे सहमे थे। सभी को घर भेज दिया गया है। घायल की पहचान सेवरा पंचायत अंतर्गत




बिकुआ कला के पिपरा टोला निवासी टनटन कुमार (30) के तौर पर हुई है। हालत गंभीर बनी हुई है। इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एडमिट कराया गया है।

**ओवरटेक कर के रुकवाई बस:**टनटन कुमार दिल्ली पब्लिक स्कूल रानीगंज की बस चलाते थे। रोज की तरह सुबह बिशनपुर गांव से बच्चों को लेकर लेकर रानीगंज जा रहे थे। इस दौरान बाइक सवार 2 अपराधियों ने ओवरटेक करके बस को रामदोहर ईंट भट्ठे के पास रुकवाया।

ड्राइवर को गाली देने लगे। गाड़ी की चाबी छीन लिया। गाली गलौज करते हुए बस से जबरन नीचे उतारा। पीछे ले जाकर सीने में गोली मार गिया। कट्?टे में दूसरी गोली भरते समय आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद हथियार फेंक पर फरार हो गए।

स्थानीय लोगों ने खून से लथपथ टनटन को तुरंत मैगरा बाजार के रास्ते इमामगंज अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे गया रेफर कर दिया।

**सीसीटीवी खंगाल रही है पुलिस:**घटना की जानकारी मिलते ही भदवर थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल से गोली का खोखा बरामद किया है।

# बोरे में मिली बच्ची की लाश,रेप-हत्या की आशंका

### हाथ कॉपर वायर से बंधे थे, करंट लगाकर मर्डर ; घर से 500m दूर मिला शव

**बाढ़, पटना,एजेंसी।** पटना से सटे बाढ़ में 8 साल की बच्ची की लाश बोरे में बंद मिली है। बच्ची का शव धान के खेत में बोरे में बंद मिला। उसके दोनों हाथ कॉपर वायर से बंधे थे। सिर बोरे में अंदर की ओर था। पुलिस को आशंका है कि बच्ची के साथ रेप के बाद करंट लगाकर हत्या की गई है।

बुधवार दोपहर बच्ची अपनी बहन के साथ फोरलेन के पास बकरी चराने गई थी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर पिता ने उसकी तलाश शुरू की।

खोजबीन के दौरान पास के एक निर्माणाधीन मकान में गद्दे पर बच्ची की चप्पल मिली। इसके बाद करीब शाम 7 बजे मकान से करीब 50 मीटर दूर खेत में बोरे में बंद बच्ची का शव बरामद हुआ।

बेटी का शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के मुताबिक, बच्ची अपनी छोटी बहन के साथ दोपहर 12 बजे निकली थी। 2 बजे छोटी बहन ने आकर बताया कि वो नहीं मिल रही। जिसके बाद घरवालों ने खोजना शुरू किया। 5 घंटे बाद उसकी लाश मिली।

### ग्रामीणों में आक्रोश, फोरलेन जाम

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए और



फोरलेन सड़क जाम कर दी।

परिवार का कहना है कि उनका किसी से कोई विवाद नहीं था। बच्ची की लाश उसी कपड़े में मिली जो वह दोपहर में पहनकर गई थी।

### सहरसा से आकर पटना में रह रहा था परिवार

मृतक बच्ची का परिवार मूल रूप से सहरसा जिले के बलवा प्रखंड का रहने वाला है। परिवार पिछले पांच साल से अथमलगोला थाना क्षेत्र में झोपड़ी बनाकर रह रहा था। पिता मजदूरी करते हैं, जबकि परिवार किराना दुकान और बकरी पालन से गुजर-बसर करता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच सभी एंगल से की जा रही है।

# जमीन के लिए दोस्त ने दोस्त की कर दी हत्या

### हाजीपुर में घर से 50 मीटर दूर गला घोंटा फिर चाकू मारा ,कॉल रिकॉर्डिंग से खुलासा

**हाजीपुर (वैशाली),एजेंसी।** दशहरा वाले दिन मेरे पति की हत्या हुई। चंदन मर्डर से पहले हमलोगों के साथ फोटो क्लिक करवा रहे थे। इस दौरान उनके तीन दोस्त अमन, गौरव और गुड्डू मेरे घर आए। उन्होंने चंदन से कहा, चलो बाहर घूमकर आते हैं। मैंने कहा भी की आज फेस्टिवल है आप घर से बाहर मत जाइए।

परिवारवालों के साथ त्योहार मनाइए, लेकिन उनके दोस्त जबरदस्ती मेरे पति को अपने साथ ले गए। मुझसे कहा, दुर्गा माता का विसर्जन देखकर घर आ जाएंगे। हमें कभी नहीं लगा था कि उनके दोस्त ही उनके लिए मौत का कारण बन जाएगा।

### ये कहना है, मृतक चंदन की पत्नी काजल कुमारी का...

दरअसल, 2 अक्टूबर की रात हाजीपुर में 3 दोस्तों ने मिलकर ग्रेजुएट चाय दुकानदार चंदन कुमार की चाकू गोदकर हत्या कर दी। चंदन का अपने ही दोस्त गौरव कुमार, अमन कुमार और गुड्डू कुमार के साथ जमीन को



लेकर विवाद चल रहा था। एक महीने पहले आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी।

आरोपियों ने कहा था, ये जमीन हमलोगों के नाम कर नहीं तो तुम्हारी हत्या कर देंगे। घटना बराटी थाना क्षेत्र में घटी है।

### घर से 50 मीटर की दूरी पर कर दी हत्या

मृतक चंदन के परिवार का कहना है, आरोपी ने पहले उन्हें फोन पर धमकी दी थी। यह धमकी मोबाइल में रिकॉर्ड भी थी। मृतक और उसकी पत्नी के अनुसार, दुर्गा पूजा के आठवें दिन उसका मोबाइल गायब कर दिया गया था। इसके दो दिन बाद आरोपी ने चंदन को घर से बुलाकर गला दबाकर और चाकू गोदकर हत्या कर दी।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, आरोपी चंदन को मोटरसाइकिल पर अपने घर के पास से ले गया। जब मृतक की पत्नी ने पूछा कि चंदन को कहां ले जा रहे हो, तो उसने कहा कि पास ही है। घटना स्थल मृतक के घर से मात्र 50 मीटर दूर था। हत्या के बाद शव को लगभग 200 मीटर दूर झाड़ियों में फेंक दिया गया था।

### पढ़ाई छोड़ खोला था चाय दुकान

चंदन का परिवार पहले ही दुखों से जूझ रहा था। उनके पिता की मौत 2021 में सड़क हादसे में हुई थी। उसकी मां बेबी देवी ने बताया, पति के निधन के बाद चंदन ही परिवार का एकमात्र सहारा था। पढ़ाई पूरी करने के बाद उसने नौकरी छोड़कर चाय की दुकान शुरू की। इसी कमाई से वो परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। परिवार की आजीविका और सामाजिक प्रतिष्ठा चंदन के कंधों पर टिकी थी।

### परिवार को भी मिल रही हत्या की धमकी

बराटी थाना प्रभारी पप्पू कुमार ने बताया कि मामले में चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी अमन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि बाकी आरोपी और उनके घर वाले फरार हैं। घटना के 5 दिन बाद मृतक के परिवारवालों को भी हत्या की धमकी मिल रही है।

पुलिस के अनुसार, मृतक का मोबाइल रिकॉर्डिंग मामले में अहम सबूत है। आरोपी ने जब कॉल रिकॉर्डिंग की भनक लगाई, तो चंदन का मोबाइल छीन लिया। इसके दो दिन बाद उसने हत्या को अंजाम दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा, जबकि आरोपी के परिवार ने पहले इसका विरोध किया और दबाव डालने की कोशिश की कि पोस्टमॉर्टम नहीं कराया जाए।

एसपी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने और अन्य संभावित अपराधियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल रिकॉर्डिंग और स्थानीय लोगों के बयान जुटाए जा रहे हैं।

## देशी शराब के साथ एक बुजुर्ग गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** विधान सभा चुनाव घोषणा के पश्चात पुलिस हरकत में आ गयी है। थाना क्षेत्र के ठहरा गांव में देशी शराब एवम पाउच के साथ एक बुजुर्ग को हिरासत में लिया गया है । उक्त ब्यक्ति शत्रुघ्न मांझी बताया जाता हैं ,इस संबंध में थाना अध्यक्ष पपु कुमार ने बताया कि पुलिस को देशी शराब एवम पाउच की बेचने की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस बल ततपरता से उक्त स्थल पर गयी जहाँ पुलिस को देखते ही कई लोग फरार हो गए जबकि मौके से एक ब्यकि कि हिरासत में लिया गया है साथ दर्जनों देशी पाउच एवम दो प्लास्टिक जरकिन में देशी शराब बरामद किया गया है ।उक्त ब्यक्ति ने अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है , ।पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । मालूम हो कि विधान सभा चुनाव की घोषणा के पश्चात पुलिस ततपरता से सघन अभियान चलाकर छापेमारी कर रही हैं।

## परसा में बूथों पर निर्वाध विद्युत आपूर्ति को लेकर विद्युत कनीय अभियंता ने कर्मियों के साथ की बैठक

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान बूथों पर निर्वाध विद्युत आपूर्ति को लेकर परसा विद्युत सब पावर स्टेशन सह उपकेंद्र के सभागार में विद्युत कनीय अभियंता हरिशंकर पासवान ने सभी विद्युत संवेदक,एजेंसी,कर्मियों के साथ बैठक की। और बूथों पर विद्युत सप्लाई को लेकर कई दिशा निर्देश दिया । विद्युत कनीय अभियंता हरिशंकर पासवान ने कहा कि परसा प्रखंड में कुल 330 बूथों पर निर्वाध विद्युत आपूर्ति की सुविधा रहे ।जिसके सभी कर्मी अपने अपने क्षेत्र के बूथों को ठीक से जांच कर कार्य को पूरा करे। कनीय अभियंता ने बताया कि 330 बूथों में परसा विधानसभा क्षेत्र में 265 बूथ है जबकि अमनौर विधानसभा अंतर्गत 65 बूथों पर विद्युत आपूर्ति की जानी है। इस दौरान संवेदक राहुल सिंह,प्रेमचन्द कुमार,कुमार अमृतेश,मुकेश शर्मा,जितेंद्र राय,दिलीप मांझी,कामेश्वर प्रसाद सिंह,विनय कुमार अजित कुमार,दिनेश राय,अभिनीत चौहान,मंजीत कुमार सिंह,सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## पुलिस ने छापेमारी कर 832 लीटर देशी शराब किया बरामद

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के संग्रामपुर गांव में बुधवार की संध्या में तरैया पुलिस ने छापेमारी कर 832 लीटर देसी शराब बरामद किया है। मामले को लेकर पुलिस अवर निरीक्षक अजय कुमार ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। जिसमें उक्त गांव निवासी रावण मांझी को आरोपित किया गया हैं। मामले में एसआई अजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि संग्रामपुर गांव में रावण मांझी अवैध रूप से देसी शराब का कारोबार कर रहा है और चोरी-छीपे शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन कर पुलिस टीम द्वारा छापेमारी की गई तो छापेमारी की भनक लगते ही आरोपी फरार हो गया। वहीं जब उसके घर की तलाशी ली गई तो 26 लीटर मोबिल के 32 डिब्बे में 832 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच में कार्रवाई में जुट गई हैं।

## मांझी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार-उत्तर प्रदेश सीमा पर बृहस्पतिवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य चुनाव से पहले राज्य में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किसी भी अवैध गतिविधि को रोकना है।यह अभियान सारण जिले के मांझी थाना पुलिस और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) के जवानों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जा रहा है।बिहार निर्वाचन आयोग ने भी चुनाव तैयारियों की समीक्षा की है। आयोग ने पुलिस अधीक्षकों को अर्धसैनिक बलों की प्रभावी तैनाती सुनिश्चित करने, अवैध हथियारों की बरामदगी करने और पिछले चुनावों से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं।इसके अतिरिक्त, थाना क्षेत्र के विभिन्न सीमावर्ती स्थानों पर भी बैरिकेडिंग लगाकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

## जन सुराज पार्टी के बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 51 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** जन सुराज पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने 51 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। आज गुरुवार को पाटलिपुत्र स्थित कैम्प कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह और प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता वाईवी गिरी, आरसीपी सिंह, रामबली चंद्रवंशी, सीताराम यादव, अफाक हैदर, मोनाजिर हसन, किशोर कुमार भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने लिस्ट जारी करने से पहले कहा कि पहले हम 51 नाम जारी कर रहे हैं। इनमें 7 सुरक्षित और 44 सामान्य सीट के उम्मीदवार हैं। आबादी के लिहाज से सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देते हुए अति पिछड़ा वर्ग के 17, पिछड़ा वर्ग के 11, सामान्य वर्ग के 9 और अल्पसंख्यक वर्ग के 7 उम्मीदवार शामिल किए गए हैं। इसके बाद वरिष्ठ नेता आरसीपी सिंह ने सभी के नाम अनाउंस किए।

### पहली लिस्ट में जारी प्रमुख नामों में शामिल हैं

वाल्मीकिनगर से दिग्नरायण प्रसाद
लौरिया से सुनील कुमार
हरसिद्धि से अवधेश राम
ढाका से डॉ. लालबाबू प्रसाद
सुरसंड से उषा किरण
रून्नीसैदपुर से विजय कुमार साह
बेनीपट्टी से परवेज आलम
कोचाधामन से अबू अफ़ान फ़ारूक़ी
सहरसा से किशोर कुमार
दरभंगा से आरके मिश्रा
भोरे से प्रीति किन्नर
मुजफ्फरपुर से डॉ अमित कुमार दास
गोपालगंज से डॉ शशि शेखर सिन्हा
रघुनाथपुर से राहुल कीर्ति सिंह
दरौंधा से सत्येंद्र यादव
मांझी से यदुवंश गिरी
छपरा से जेपी सिंह
मोरवा से जागृति ठाकुर
बेगूसराय से सुरेंद्र सहनी
खगड़िया से जयंती पटेल
बेलदौर से गजेंद्र निषाद
परबत्ता से विनय वरुण
पीरपैंती से घनश्याम दास
अस्थावां से लता सिंह
कुम्हरार केसी सिन्हा
आरा से विजय गुप्ता
चेनारी से नेहा नटराज
करगहर से रितेश पांडेय
गोह से सीताराम दुखारी
इमामगंज से डॉ अजीत कुमार

बोधगया से लक्ष्मण मांझी सहित सारण जिले से 5 उम्मीदवार घोषित किया गया हैं।

सोनपुर- डॉ. चंदन लाल मेहता
परसा- मुसाहेब महतो
मांझी- यदु वंश गिरी
छपरा- जय प्रकाश सिंह
बनियापुर- श्रवण कुमार महतो रहे।

इस दौरान संगठन महामंत्री सुभाष सिंह कुशवाहा, प्रदेश मीडिया प्रभारी ओबैदुर रहमान, पार्टी प्रवक्ता सैयद मसीह उद्दीन, राजीव रंजन, तारिक चंपारणी और अनुकृति समेत कई नेता मौजूद रहे।

# व्यवसाई युवक की चाकू मारकर हत्या

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** अमनौर बाजार के एक व्यवसायी युवक की चाकू मारकर हत्या किये जाने के बाद से मृतक के परिजनो में कोहराम मच गया. वहीं व्यावसायियों में घटना बुधवार की देर शाम की बतायी जा रही है. मृतक अमनौर बाजार निवासी व्यावसायी स्व. सुनील जयसवाल के 27 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार बताया गया है. घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार देर शाम अज्ञात अपराधियों ने सीने में चाकू मारकर हत्या कर दी. इस दौरान कुछ लोगों ने स्थानीय सीएचसी में छोड़कर फरार हो गए. चिकित्सक ने जब उसे देखा तो वह मृत पाया. जिसकी सूचना पुलिस को दिया. सूचना के बाद अमनौर पुलिस सीएचसी में पहुंच सीसीटीवी फुटेज खंगाला जिसके बाद कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया . इधर घटना की जानकारी मृतक के परिजनो को मिलते ही अमनौर बाजार में अफरा-तफरी का माहौल फैल गया. स्थानीय दुकानदार, व्यवसायी और ग्रामीण अस्पताल में इकट्ठा हो गए. हत्या की खबर पर ग्रामीण एसपी संजय कुमार मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान पुलिस बल के साथ अमनौर सीएचसी पहुंच घटना को लेकर


मृतक का फाइल फोटो

तहकीकात किया वही मृतक के भाई से पूछताछ किया. ग्रामीण एसपी ने बताया कि पुलिस जल्द उसमें शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गयी. पुलिस ने इस मामले में खोरीपाकर गोविंद निवासी देवचंद्र मांझी के पुत्र विकास मांझी को गिरफ्तार किया गया है. पूछताछ में वह इस हत्या में अपनी संलिप्ता स्वीकार किया है. घटना मढ़ौरा थाना क्षेत्र के नौतन मठिया की बताई जा रही है. जहां उसे चाकू मारा गया था. इधर मृतक की पत्नी मीनू कुमारी माता मीरा देवी का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है. मृतक युवक तीन भाई में बड़ा था.डेढ़ वर्ष शादी के हुआ था. मृतक के पिता की मौत एक वर्ष पूर्व हो गया था. परिजन इस दुख से अभी उबरा नही की दूसरा दुःखो का पहाड़ टूट पड़ा. मृतक के भाई मोनू जयसवाल ने बताया कि सुबह ग्यारह बजे खाना खाकर घर से निकले थे. जिसके बाद दोपहर दो बजे उनके मोबाइल पर फोन किया तो स्विच ऑफ बता रहा था. अचानक रात में मौत की खबर घर आयी. इस हत्या में कई लोगों के शामिल होने की बात कही है. लोगो में चर्चा तरह तरह की चर्चाएं जोड़ो पर है. उसकी माँ ने बताया कि जमीन बिक्री करने के लिए बोल रहा था. शायद जमीन पर एक से डेढ़ लाख रुपया उठा के रखा था.कहि पैसे के लिए इसका हत्या तो नही कर दिया गया. युवक के मौत से ब्यवसाइयो में काफी आक्रोश है इसको लेकर दुकानदारों ने गुरुवार की सुबह से घंटों दुकान बंद कर विरोध जताया. व्यावसायियों का कहना है कि हत्या में शामिल सभी अपराधियो को गिरफ्तार नहीं करती है तो आंदोलन करने को बाध्य होगे. डीएसपी नरेश पासवान ने बताया कि हत्या में शामिल आरोपियों की पहचान के लिए विशेष टीम गठित की गई है. तकनीकी साक्ष्य, मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच तेज कर दी गई है.उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

## कटेसर रसूलपुर में मखदूम बाबा के उर्स मेले में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

**दैनिक खोज खबर (सारण)।** नगरा।प्रखंड क्षेत्र के कटेसर रसूलपुर गांव स्थित हजरत मखदूम साह की मजार पर आयोजित सालाना उर्स मेला में गुरुवार को दूर-दराज से आए अकीदतमंदों ने बाबा की मजार पर चादरपोशी की और अमन-चैन, सुख-समृद्धि व खुशहाली की दुआ मांगी.उर्स मेले की शुरुआत पहले दिन जलसा कार्यक्रम से हुई,जबकि दूसरे दिन कव्वाली का आयोजन प्रस्तावित है.कार्यक्रम के दौरान मजार परिसर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी.बाबा मखदूम की दरगाह पर अकीदतमंद माथा टेकते, मन्नतें मांगते और चादर चढ़ाते दिखे.कादीपुर, खोदाईबाग, तकिया, मानपुर, ओलहनपुर, छपरा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों का तांता लगा रहा.भीड़ में ऐसा कोई नहीं था जिसने बाबा के दर पर हाजिरी न दी हो.आयोजकों ने बताया कि मखदूम



बाबा का यह उर्स आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक एकता की मिसाल पेश करता है,जिसमें हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग एक साथ शामिल होते हैं.इस मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, मो. रिजवानुल आजम अंसारी,मो रेयाजुद्दीन, अनिल सिंह, मो. सानिफ, नौशाद आलम, जमशेद आलम, तरबेज आलम, मो. हनान, परवेज आलम, सकलदीप सिंह, फिरोज़ आलम, नुरैन आलम, सरफराज आलम, मो. हसनैन, अबरार आलम, सज्जाद आलम, मोहसिन अंसारी, मेंहदी हसन सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति और हजारों अकीदतमंद मौजूद रहे ।

## तरैया में नए बीईओ नागेश्वर कुमार ने संभाला कार्यभार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** तरैया प्रखंड में नए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) के रूप में नागेश्वर कुमार ने योगदान दिया। वे वर्तमान में लहलादपुर के बीईओ हैं और उन्हें तरैया का अतिरिक्त प्रभार मिला है। योगदान के बाद उन्होंने कहा कि प्रखंड के सभी विद्यालयों में बेहतर संचालन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ तरैया के प्रखंड अध्यक्ष महेश्वर सिंह और परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ तरैया के प्रखण्ड अध्यक्ष रंजीत सिंह ने उनका स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में तरैया के विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम में उपस्थित परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ इसुआपुर के प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, पानापुर के प्रखण्ड अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, संकुल समन्वयक संजीव कुमार सिंह, अपग्रेडेड +2 हरपुर फरीदन के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार चौबे, शिक्षक नवल किशोर राय, केशव तिवारी, संजय प्रसाद, संतोष भारती, नागेंद्र राय, कृष्ण कांत कुमार ने नवपदस्थापित बीईओ का फूल माला के साथ स्वागत किया।

## सुतीहार ग्राम में एक दिवसीय एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** डेरनी ऋतंभरा प्रज्ञा आश्रम गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में दरियापुर प्रखंड के सुतीहार ग्राम में प्रतिमा मिश्रा के नेतृत्व में एक दिवसीय एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी भक्तों को संबोधित करते हुए सद्गुरु मुकेश ऋषि ने कहा- गायत्री ऋषियों-देवताओं की उपास्या है। अनादिकाल से समस्त ऋषि-मुनियों, देवताओं ने गायत्री मंत्र की उपासना की है और गायत्री अमृत तत्व का पयपान करके जीवन को धन्य बनाया है, कायाकल्प किया है। उन्होंने आगे कहा-हम सभी वसुंधरा वासी ऋषियों की संतान हैं। हम सभी को भी गायत्री मंत्र का आश्रय लेकर जीवन को धन्य बनाना चाहिए, क्योंकि गायत्री मंत्र से जीवन के समस्त समस्याओं का समाधान होता है और समस्त कामनायें पूरी हो जाती है। गायत्री कामधेनु है। गायत्री वेदमाता, देवमाता, विश्वमाता है। उन्होंने आगे कहा- देवसंस्कृति के निर्माता, यज्ञ पिता गायत्री माता । गायत्री व यज्ञ का युग्म है। जो देव संस्कृति के प्रमुख आधार है। गायत्री देव संस्कृति की माता और यज्ञ जनक कहा जाता है। मुख्य यजमान सपत्नीक मधुरेन्द्र पांडे बने।

इस अवसर पर मुख्य रूप से धर्मेंद्र राय, ललीता देवी व समस्त ग्रामवासियों सहभागी बने। वैदिक कर्मकांड सद्गुरु मुकेश ऋषि द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरू वंदना व मातृ वंदना से किया गया।

## तरैया विधानसभा स्तरीय जनसुराज सदस्यों की हुई बैठक

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।**आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जन सुराज पार्टी की तरैया विधानसभा स्तरीय बैठक गुरुवार को मंगलम मैरिज पैलेस गलिमापुर के हॉल में हुई। प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश कुमार की अध्यक्षता में मंच संचालन भोला खान ने किया। बैठक में मुख्य रूप से तरैया, पानापुर तथा इसुआपुर के प्राथमिक एवं संस्थापक सदस्यों ने से भाग लिया। इस मौके पर जन सुराज पार्टी की नीतियों,सिद्धांतों के बारे में नेताओं ने विस्तार रूप से चर्चा किया। कहा कि जन सुराज बच्चों की पढ़ाई, पोषण की चिंता करती है। वहीं युवाओं के रोजगार व पलायन रोकने की बात करती है। पार्टी के तरैया विधानसभा प्रभारी राजेश बिन्द ने तरैया के वर्तमान एवं पूर्व विधायकों पर प्रहार करते हुए कहा कि दोनों प्रतिनिधियों ने तरैया को केवल लूटने का काम किया है। वहीं तरैया में पूर्व प्रत्याशी तथा वर्तमान में जन सुराज के संभावित प्रत्याशी सत्येंद्र कुमार सहनी ने लालू राबड़ी शासन काल को जंगल राज कहा। साथ ही कहा कि जन सुराज ही बिहार के विकास एवं तरक्की का मार्ग प्रशस्त करेगा। आसन्न चुनाव में प्रशांत किशोर की अगुवाई में बिहार में जनसुराज की सरकार बनेगी। वही इंजीनियर कुमार शिवम ने कहा कि तरैया में सता का बदलाव निश्चित है। जनसुराज प्रत्याशी प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतेंगे। बैठक में तरैया विधानसभा के लिए संभावित पांच प्रत्याशियों के नामों को भी बताया गया। जिसमें इंजीनियर कुमार शिवम, डॉक्टर प्रतीक कुमार लाला, सत्येंद्र कुमार सहनी, सीमा प्रसाद, उदय प्रताप सिंह शामिल थे। बैठक को इंजीनियर कुमार शिवम, डॉक्टर प्रतीक कुमार लाला, हरे राम तिवारी, सत्येंद्र कुमार सहनी, असगर अली, सीमा प्रसाद, राजेश बिन्द तथा अन्य ने संबोधित किया।

## पति ने इंस्टाग्राम पर फोटो अपलोड करने से रोका तो पत्नी ने फांसी लगातार दी जान

**पानापुर(सारण)।** आधुनिकता की इस दौड़ में लोगो पर सोशल मीडिया का नशा इस कदर हावी है कि लोग इसके दुष्परिणाम के भी बारे में नही सोच रहे हैं .इसी की एक बानगी गुरुवार को थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव में देखने को मिली जहां पति द्वारा इंस्टाग्राम पर पत्नी को फोटो अपलोड करने से रोकना भारी पड़ गया .पति की शख्ती से नाराज पत्नी ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली .मृत महिला सोनवर्षा गांव निवासी मुसरफ आलम की 22 वर्षीया पत्नी गुलशन खातून बतायी जाती है .घटना के संबंध में बताया जाता है कि बंगलौर में रह रहे मृतका के पति को पत्नी का इंस्टाग्राम पर फोटो अपलोड करना अच्छा नही लगा जिस कारण नाराज होकर उसने पत्नी का मोबाइल नंबर ब्लैक लिस्ट में डाल दिया था .इस बीच बुधवार को अपने मायके मढ़ौरा थाना क्षेत्र के कोल्हुआ से ससुराल सोनवर्षा पहुँची गुलशन ने ससुर के मोबाइल से अपने पति से बात की एवं गुरुवार की दोपहर फांसी लगाकर जान दे दी .घटना की सूचना मिलते ही अपर थानाध्यक्ष राजा कुमार घटनास्थल पर पहुँचे एवं शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेजवाया .घटना के बाद मृतका के ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हैं .

## मानसिक विक्षिप्त युवती के साथ जबरदस्ती की आशंका,जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।**थाना क्षेत्र के अरवा नहर के समीप गुरुवार को एक 25 वर्षीय युवती अचेत अवस्था में पाई गई,बताया जा रहा है कि युवती खैरा थाना क्षेत्र की रहने वाली है और मानसिक रूप से विक्षिप्त है.वह कैसे नगरा पहुंची, इसका उसे खुद भी अंदाजा नहीं है.पीड़िता ने बताया कि उसने रास्ते में एक अंजान बाइक चालक से लिफ्ट ली थी, जिसके बाद उसे कुछ याद नहीं है.आशंका जताई जा रही है कि बाइक सवार ने युवती के साथ जबरदस्ती की और फरार हो गया, सूचना पर नगरा थाना की डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवती को इलाज के लिए नगरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया.चिकित्सक डॉ. शौरभ कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया.वहीं नगरा पुलिस मामले की जांच में जुटी है,वहीं परिजनों का कहना है कि युवती का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता है ।

# जन सुराज के प्रत्याशी व कार्यकर्ताओ ने ली शपथ

### बिहार में सत्ता परिवर्तन व व्यवस्था परिवर्तन की लहर तेज

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। दूसरी ओर कौन पार्टी के कौन प्रत्याशी को टिकट मिलेगी इसके लेकर भी प्रत्याशी चयन के लेकर चुनावी चर्चा शुरू हो गई है। इतना ही नहीं पार्टी के उम्मीदवार के साथ उनके समर्थकों में भी बेचैनी बढ़ गई है। चुनाव की घोषणा होते ही शांति और निष्पक्ष चुनाव कराने के लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी में जुट गई है तो वहीं दूसरी ओर टिकट के लिए लोग एक -दूसरे प्रत्यासी को लेकर आरोप प्रत्योप का खेल भी चल रहा है। सोनपुर विधानसभा में चौक चौराहों पर भी चुनावी चर्चा शुरू हो गई है.इस बार जनता के बीच विकास मुद्दा पर चर्चा हो रही हैं वही प्रत्यासी विकास मुद्दा को गौन कर जाति, पार्टी व कूटनीति राजनीतिक करने के मूड में अपने समर्थको के साथ जुट गये हैं. इस बार सोनपुर विधानसभा ही नहीं पूरे बिहार में त्रिकोणीय चुनाव होने वाली है क्योंकि एक नई पार्टी जन सुराज पार्टी के आने के बाद बिहार में हलचल मचा दिया है. बुधवार को सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के दिघवारा स्थित राम जंगल सिंह कॉलेज प्रांगण में जनसुराज के सभी संस्थापक और प्राथमिक सदस्यों संभावित प्रत्याशियों संगठन से जुड़े पदाधिकारी की बैठक राज्य मुख्यालय स्तर से नियुक्त प्रवेक्षक मो अफंताब आलम के निगरानी में बैठक संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष बच्चा राय ने किया जबकि संचालन जिला महामंत्री श्रवण महतो ने किया। बैठक में पार्टी के प्रत्याशी डॉ चंदन लाल मेहता,अशोक सिंह, रितेश सिंह श्याम बाबू राय, मनु लाल चौरसिया उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पार्टी के संगठन को मजबूत करने और सोनपुर विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को निदान करने सहित सभी प्रत्याशियों ने कहा कि सोनपुर विधानसभा क्षेत्र से जिन प्रत्याशियों का चयन राज्य मुख्यालय से होगी.उन प्रत्याशियों के साथ मिलकर इस सोनपुर विधानसभा से जीत सुनिश्चित करने के लिए तन मन से सहयोग करेंगे और सोनपुर से जन सुराज के जीत सुनिश्चित करने के लिए आम जनता से अपील करेंगे. जिससे सोनपुर के विकास हो सके एवं जन समस्याओं का निदान करने के लिए हम सभी पार्टी से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता समाधान करने की पहल करेंगे। सभी ने अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में अपने बात को रखा। इस बैठक में पर्यवेक्षक आफताब आलम, जिला प्रभारी राकेश पटेल,राम पुकार मेहता, जिला महिला अध्यक्ष अमित साहनी,जिला सचिव सरोज गुप्ता,अनुमंडल उपाध्यक्ष भरत सिंह, प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर राम सहित पार्टी से जुड़े प्रत्याशी व पार्टी के पदाधिकारीयों, कार्यकर्ताओ को शपथ दिलाते हुए पार्टी के संगठन मजबूत करने और जिन उम्मीदवारों का टिकट मिलेगी उनके साथ सहयोग करने की शपथ दिलायी। बैठक में कार्यकर्ताओं ने एकमत से निर्णय लिया कि वह पार्टी के संभावित प्रत्याशियों को समर्थन देंगे और आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के लिए काम करेंगे। पार्टी के चुनाव पर्यवेक्षक मोहम्मद आफताब आलम ने कहा कि बिहार की जनता प्रशांत किशोर जी की सोच से पूरी तरह से प्रभावित है. राज्य की जनता अब ठोस बदलाव के मूड में है और प्रशांत किशोर के नेतृत्व में जनसुरज की सरकार बननी तय है। वही जिला महिला अध्यक्ष अमिता सहनी ने कही कि बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य,रोजगार व सुशासन के प्रति जन सुराज नेताओं की एक जूटता और निष्ठा किसी अन्य गठबंधन में देखने को नहीं मिलती है। बिहार में बदलाव की उम्मीद हर बिहार की जनत चाह रही है. प्रत्यासी डॉ चंदन लाल मेहता ने कहा इस बार बिहार की जनता स्कूल बैग छाप पर मोहर लगाकर बिहार को विकसित करने की मूड बना ली है। जिला प्रभारी राकेश पटेल ने कहा कि प्रत्याशियों का चयन पार्टी के प्राथमिक सदस्यों द्वारा किया जाना है और इसके लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है.उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ होते हैं और उनके बिना पार्टी चलना असम्भव हैं। पार्टी के जिलाध्यक्ष बच्चा राय ने कहा कि जन सुराज का असली बल जनता की भागीदारी और महिलाओं के सक्रिय भूमिका है.उपस्थित सभी गणमान्य लोगो को अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

बैठक के उपरांत आम जनता एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच सोनपुर विधानसभा सीट से डॉक्टर चंदन लाल मेहता की टिकट दावेदारी लोग कर रहे थे। बैठक में उपस्थित रहे पारसनाथ, गुप्ता,सतेन्द्र प्रसाद ,नगेन्द्र राय,संजीत कुमार,नीरज कुमार,, रामबाबु राय, मैमुन निशा, राहुल राज,नगेन्द्र राय, राजेश राय,रमाकांत महतो,अविनाश पांडये,संजय चन्द्रवंशी, सुनील साह,अंकित सिंह, मनोज चौरसिया सहित सैकड़ो महिला, पुरुष मौजूद रहे।

# सीवान : प्रत्याशियों का नामांकन आज से, तैयारी पूरी

**परवेज अख्तर/सीवान।** विधानसभा आम चुनाव 2025 के लिए जिले में छह नवंबर को होने वाले चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारी की जा रही है। पहले चरण की अधिसूचना शुक्रवार को जारी होगी। इसके साथ ही नामांकन का दौर शुरू हो जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश ने बताया कि नाम निर्देशन कार्य 17 अक्टूबर तक चलेगा। प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम तीन बजे तक प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। वहीं प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार व रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण नामांकन कार्य नहीं होगा। बताया कि 18 अक्टूबर यानी शनिवार को सुबह 11 बजे से नामांकन पत्रों की संविक्षा की जाएगी। वहीं 20 अक्टूबर को शाम तीन बजे तक अभ्यर्थिता वापस लिया जा सकेगा। इसी दिन शाम तीन बजे के बाद अभ्यर्थियों के बीच प्रतीक चिह्न का आवंटन कर दिया जाएगा।

**विधान सभावार निर्वाची पदाधिकारियों को किया गया है अधिसूचित** –नामांकन को लेकर विधान सभावार निर्वाची पदाधिकारियों को अधिसूचित किया गया है। जिला निर्वाचन कोषांग से मिली जानकारी के अनुसार 105 सिवान विधानसभा के प्रत्याशी अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी के समक्ष उनके कार्यालय कक्ष में नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं 106 जीरादेई विधानसभा के प्रत्याशी भूमि सुधार उप समाहर्ता के समक्ष उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में, 107 दरौली (अजा) विधानसभा के प्रत्याशी जिला पंचायत राज पदाधिकारी के समक्ष उनके कार्यालय में, 108 रघुनाथपुर विधानसभा के प्रत्याशी सदर अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में, 109 दारौंदा विधानसभा के प्रत्याशी उप विकास आयुक्त के समक्ष विकास भवन जिला विकास ग्रामीण अभिकरण कार्यालय में व 110 बड़हरिया विधानसभा के प्रत्याशी जिला भूअर्जन पदाधिकारी के समक्ष समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में नामांकन करेंगे। जबकि 111 गोरेयाकोठी विधानसभा के प्रत्याशी भूमि सुधार उपसमाहर्ता महाराजगंज के कार्यालय कक्ष तथा 112 महाराजगंज विधानसभा के प्रत्याशी अनुमंडल पदाधिकारी महाराजगंज के कार्यालय कक्ष में अपना नामांकन का पर्चा दाखिला करेंगे। वहीं इन अधिसूचित निर्वाची पदाधिकारियों के द्वारा प्रतीक चिह्न आवंटन कराया जाएगा।

## गांधी मैदान में बनाया गया है पार्किंग स्थल, निर्धारित रूट से करना होगा प्रवेश

शहर के जेपी चौक-महादेवा रोड़ की तरफ से प्रवेश करने वाले अभ्यर्थी एवं उनके प्रस्तावक व समर्थक का वाहन जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निकट अवस्थित ड्राप गेट पर उन्हें उतारकर अनुमंडल कार्यालय के आगे नया कोषागार भवन होते हुए गांधी मैदान में निर्धारित पार्किंग स्थल पर पार्क होगी। वहीं ड्राप गेट से पैदल चलकर 109 दारौंदा विधान सभा के लिए जिला ग्रामीण विकास अभिकरण स्थित निर्वाची पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त के कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रवेश करेंगे। जबकि 105 सिवान सदर, 107 दरौली (अजा) एवं 110 बड़हरिया विधान सभा के लिए जिला ग्रामीण विकास अभिकरण से पैदल चलकर जिला समाहरणालय के पूर्वी गेट से प्रवेश करेंगे। मालवीय चौक की तरफ से आने वाले अभ्यर्थी/ प्रस्तावक/ समर्थक समाहर्त्ता निवास मार्ग के समीप अवस्थित ड्राप गेट पर अपने वाहन से उतरकर पैदल नामांकन कक्ष तक आएंगे। जबकि 106 जीरादेई एवं 108 रघुनाथपुर विधानसभा के लिए जेपी चौक-महादेवा सड़क के तरफ से प्रवेश करने वाले अभ्यर्थी / प्रस्तावक / समर्थक बघवा गेट के निकट स्थित ड्राप गेट से पैदल चलकर सदर अनुमंडल कार्यालय /उप समाहर्ता भूमि सुधार कार्यालय में प्रवेश करेंगे।

# सीवान : अभ्यर्थी एवं उनके प्रस्तावक व समर्थक सहित कुल पांच व्यक्तियों को परिसर में आने की दी जाएगी अनुमति

**परवेज अख्तर/सीवान।** विधानसभा आम चुनाव के मद्देजनर जिला समाहरणालय परिसर, सदर अनुमंडल कार्यालय परिसर एवं महाराजगंज अनुमंडल कार्यालय परिसर में नाम निर्देश के अवसर पर भीड़ को नियंत्रित करने एवं विधि व्यवस्था संधारण व आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए विभिन्न स्थलों पर बैरीकेडिंग/ड्राप गेट बनाया गया है। जहां दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जानकारी के अनुसार बिहार विधानसभा आम चुनाव के अवसर पर शहरी क्षेत्र में सभी छह विधानसभा क्षेत्र यथा 105 सिवान सदर, 106 जीरादेई, 107 दरौली, 108 रघुनाथपुर, 109 दारौंदा व 110 बड़हरिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों द्वारा 10 अक्टूबर यानी शुक्रवार से लेकर 17 अक्टूबर तक की अवधि में नाम निर्देशन किया जाएगा। इस दौरान अभ्यर्थी को तीन वाहन लाने की अनुमति होगी। साथ हीं अभ्यर्थी एवं उनके प्रस्तावक व समर्थक सहित कुल पांच व्यक्तियों को परिसर में आने की अनुमति दी जाएगी।

समाहरणालय के दक्षिणी गेट (जज कालोनी के पास), जेपी चौक पर, डीआरडीए कार्यालय के सामने, जिला परिषद कार्यालय के समीप ड्राप गेट बनाया गया है। जबकि नगर परिषद के पुराना भवन से वाहन पार्किंग तक बैरिकेडिंग की गई है। किसी भी अभ्यर्थी को समाहरणालय के दक्षिणी गेट से अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। नामांकन के पश्चात सभी अभ्यर्थी एवं प्रस्तावक मालवीय चौक होते हुए बाहर निकलेंगे। जेपी चौक की ओर से निकासी प्रतिबंधित रहेगा।

# बिहार चुनाव देश के भविष्य की दिशा तय करेगा : अशोक गहलोत

**पटना/ जयपुर,एजेंसी।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने गुरुवार को पटना में कहा कि ÷पूरा देश यह जानना चाहता है कि बिहार के चुनाव में क्या होगा, क्योंकि यह चुनाव केवल बिहार तक सीमित नहीं है बल्कि देश के भविष्य की दिशा तय करेगा।

अशोक गहलोत, जिन्हें कांग्रेस पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। गुरुवार को अपने पटना दौरे के दौरान पार्टी द्वारा आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बीस साल विनाशकाल अपने आप में एक बड़ा संदेश है।

गहलोत ने कहा कि पिछले बीस वर्षों में बिहार में सुशासन की भारी कमी रही है। उन्होंने कहा, ÷नीतीश कुमार बार-बार पाला बदलते रहे, जिसके कारण राज्य में ठोस और निरंतर शासन नहीं हो पाया। बिना गुड गवर्नेंस के विकास, समस्याओं का समाधान और इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण संभव नहीं होता। यही कारण है कि बिहार सभी क्षेत्रों में पिछड़ गया है और उसकी दुर्दशा आज सबके सामने है।

राज्य सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार और मंत्रियों पर लगे गंभीर आरोपों का उल्लेख करते हुए गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों पर खुलेआम तथ्यात्मक आरोप हैं, फिर भी किसी का इस्तीफा नहीं हो रहा। ऐसा लगता है मानो प्रधानमंत्री ने यह नीतिगत निर्णय ले लिया है कि चाहे कुछ भी हो, किसी मंत्री का इस्तीफा नहीं लिया जाएगा। लोकतंत्र में यह प्रवृत्ति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

गहलोत ने केंद्र सरकार की आर्थिक घोषणाओं की भी आलोचना की और कहा कि प्रधानमंत्री ने बिहार को 50 हजार करोड़ से लेकर 1.25 लाख करोड़ रुपये तक की सहायता की बात कही थी, लेकिन उसका धरातल पर कोई प्रभाव नहीं दिखता। ÷मोदी जी ने बिहार को 50 हजार करोड़, 60 हजार करोड़, 80 हजार करोड़ से लेकर 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये तक की सहायता देने की बात कही थी, उसका क्या हुआ, यह किसी को नहीं पता।÷

पत्रकार वार्ता के दौरान गहलोत और कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने एक बुकलेट भी जारी की, जिसमें बिहार की बीते 20 वर्षों की स्थिति और केंद्र सरकार की नीतियों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

# मानव शक्ति के तीन काम शिक्षा, सेवा और मतदान

**छोड़कर अपने सारे काम, करने चलो 6 नवंबर को मतदान**




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मानव शक्ति के तीन काम शिक्षा सेवा और मतदान, छोड़ कर अपने सारे काम करने चलो 6 नवंबर को मतदान, हम सब ने यह ठाना है मतदाताओं को मतदान के लिए केंद्र पर पहुंचना है, इन गगनभेदी नारों के साथ इसुआपुर में छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

**घर घर जाकर शिक्षकों छात्रों ने लोगों को किया जागरूक**–गुरुवार को इसुआपुर के सढ़वारा स्थित शांति रमन प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय की छात्राओं द्वारा ईएलसी समन्वयक दिव्या कुमारी के नेतृत्व में गांव में भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान सभी शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा मतदाताओं को जागरुक करते हुए उन्हें आगामी 6 नवंबर को मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने की अपील की गई।

**आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने मेंहदी लगाकर कहा 6 नवंबर को मतदान करें**–वहीं अमनौर के पीएम श्री उच्च विद्यालय अमनौर, उच्च माध्यमिक विद्यालय भागवतपुर, एकमा के ए एस एन हाई स्कूल, उच्च माध्यमिक विद्यालय कोरिया, उच्च माध्यमिक विद्यालय विशंभरपुर, उच्च माध्यमिक विद्यालय आतानगर, उच्च माध्यमिक विद्यालय सहवा, तरैया के चैनपुर, चंचलिया, गवंडरी, मशरक के डूमरसन, पानापुर के सतजोरा, भरहोपुर के साथ-साथ छपरा सदर, दरियापुर, एकमा के दर्जनों आंगनबाड़ी केंद्रों पर महिलाओं ने जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान जहां छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली वहीं आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका ने रंगोली और हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया।

## सीवान – जागरूकता अभियान में गर्व है, मैं मतदाता हूं का दिया गया संदेश

**परवेज अख्तर/सीवान।** विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले में स्वीप गतिविधि के तहत आइसीडीएस द्वारा लगातार विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गुरूवार को आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविका, सहायिका एवं ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उपस्थित महिलाओं ने गर्व है, मैं मतदाता हूं का संदेश दिया और लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। डीपीओ तरणि कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं एवं नव मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराना तथा शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना है। इसी को लेकर सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने मतदाता जागरूकता गीतों, रंगोली, नारों और स्लोगन के माध्यम से मतदान के प्रति जनजागरण फैलाया गया। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि हर एक मत लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है। पहले मतदान, फिर जलपान का संकल्प दोहराते हुए उपस्थित सभी महिलाओं ने शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## सीवान :72 घंटे के बाद पोस्टर–बैनर पाए जाने पर होगी कार्रवाई

**परवेज अख्तर/सीवान।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के लिए छह अक्टूबर की संध्या भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू कर दिया गया है। इसके आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने कहा है कि आचार संहिता लागू होने के 72 घंटे तक राजनीतिक दलों को अपने पोस्टर, बैनर हटा लेने का निर्देश दिया गया था। वहीं शुक्रवार की शाम चार बजे के पश्चात 72 घंटे की अवधि समाप्त हो गई है। कहा कि अब पोस्टर-बैनर पाए जाने पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन तथा संपत्ति विरूपण अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## फाइलेरिया उन्मूलन को ले जिले में चलेगा नाइट ब्लड सर्वे, स्वास्थ्यकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले में फाइलेरिया (हाथीपांव) उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डा. ओपी लाल ने बताया कि आगामी 10 फरवरी से जिले में सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान से पहले फाइलेरिया मरीजों की पहचान के लिए नाइट ब्लड सर्वे (रात्रिकालीन रक्त सर्वेक्षण) किया जाएगा, ताकि संक्रमण के वास्तविक प्रसार का पता लगाया जा सके। यह सर्वे जिले के शहरी और ग्रामीण सभी प्रखंडों में एक साथ होगा। इसके तहत स्वास्थ्यकर्मी रात के समय घर-घर जाकर लोगों के खून के नमूने लेंगे। बताया कि नाइट ब्लड सर्वे की खासियत यह है कि फाइलेरिया परजीवी (माइक्रोफिलेरिया) रात में ही खून में सक्रिय होता है, इसलिए उसका सही निदान सिर्फ रात में लिए गए सैंपल से ही संभव है। यही कारण है कि यह सर्वे फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सबसे अहम कड़ी मानी जाती है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक, एएनएम, लैब तकनीशियन, सीएचओ, बीएचडब्ल्यू, बीएचआई और वीबीडीएस कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण दो सत्रों में संपन्न हुआ, जिसमें प्रतिभागियों को नाइट ब्लड सर्वे और सर्वजन दवा सेवन अभियान से जुड़ी सभी तकनीकी व व्यवहारिक जानकारियां दी गईं। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे नाइट ब्लड सर्वे के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों का सहयोग करें और आने वाले सर्वजन दवा सेवन अभियान में निर्धारित दवा जरूर ग्रहण करें। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में फाइलेरिया मुक्त सिवान का सपना साकार किया जा सके।

